>

Title: Need to revive Maize Research Centre in Begusarai Parliamentary Constituency of Bihar.

डॉ. भोला सिंह (बेगूसराय) : महोदय, मैं बिहार के बेगूसराय लोक सभा क्षेत्र से आता हूं। 23 वर्ष पहले बेगूसराय जिले के कुशमाहोत, जो दुनिया की सबसे उर्वर काली जमीन है, वहां तत्कालीन केन्द्र सरकार ने मक्का अनुसंधान केन्द्र की स्थापना की थी। 23 वर्षों में इस मक्का अनुसंधान केन्द्र ने अपने अनुसंधान के पेट से एक भी अनुसंधान के बीज की डिलीवरी नहीं दी है। वहां पदाधिकारी हैं, कर्मचारी भी हैं, हमारे पुरखों ने सैंकड़ों एकड़ जमीन दी है और आज वह मृत पड़ा हुआ है।

यह खुशी की बात है कि इस देश के राजनीतिक रंगमंच पर एक अद्भुत व्यक्तित्व का उपस्थापन हुआ है और जनता के बीच में अपेक्षाएं और आशाएं बढ़ी हैं। वर्तमान सरकार जिनके कृषि मंत्री, कृषि संस्कृति और संस्कार के बेटे हैं। हम उनसे आपके माध्यम से आग्रह करना चाहते हैं कि अनुसंधान केन्द्र में जो अनियमितताएं हुई हैं, लूटपाट हुई है और जो भ्रष्टाचार का आलम छाया रहा है, वे इसकी जांच करें और इसके विस्तार के लिए इसे पुनर्जन्म देने के लिए आवश्यक और अपेक्षित कार्यवाही करें। मैं इस ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।